RAF SECTOR

NEWS CLIP

14/12/2022

SERVING HUMANITY WITH SENSITIVE POLICING

Suchna News, Ambedkar Nagar, (UP)

असिस्टेंट कमांडेंट को बैज लगाती प्रधानाचार्य सुमित्रा देवी। अमृत विचार

सैन्य सेवाओं में महिलाओं के योगदान पर चर्चा

अमृत विचार, अंबेडकरनगर। गुरुवार को सावित्रीबाई फुले राजकीय बालिका इंटर कॉलेज कुर्की बाजार में रैपिड एक्शन फोर्स के असिस्टेंट कमांडेंट अजय कुमार वर्मा द्वारा उपस्थित छात्राओं को देशभक्ति के बारे में कई रोचक कहानियां बताई गईं। इस दौरान उन्होंने बताया कि देश में नारी का महत्वपूर्ण स्थान होता है। एक शक्तिशाली राष्ट्र के निर्माण के लिए नारी की अहम भूमिका होती है। उन्होंने देश की अन्य सैन्य सेवाओं में नारी के योगदान को भी बताया और छात्राओं को को सुरक्षा के प्रति जागरूक किया। इस मौके पर प्रधानाचार्य सुमित्रा देवी, शिक्षिका डॉ.प्रियंका तिवारी अलावा विद्यालय के अन्य शिक्षिकाओं के साथ- साथ कर्मचारी भी मौजूद रहे।

Samvad News, Basti, (UP)

दुबौलिया, नगर बाजार क्षेत्र में आरएएफ ने किया मार्च

नगर बाजार में आरएएफ और पुलिसकर्मियों ने किया मार्च। संवाद

संवाद न्यूज एजेंसी

नगर बाजार/दुबौलिया। केंद्रीय गृह मंत्रालय के आदेशानुसार लखनऊ में तैनात रैपिड एक्शन फोर्स की 91वीं बटालियन ने रविवार को नगर बाजार और दुबौलिया थाना क्षेत्र में फ्लैग मार्च किया। आरएएफ कमांडेंट अमिताभ कुमार के मार्गदर्शन एवं गौतम चंद्र राय, सहायक कमांडेंट के नेतृत्व में भ्रमण एवं परिचितीकरण अभ्यास के तहत यह फ्लैग मार्च किया गया।

नगर बाजार में एसओ धर्मेंद्र कुमार तिवारी के नेतृत्व में पुलिस बल एवं आरएएफ के निरीक्षक

क्षेत्र का परिचितीकरण अभ्यास कर रही रैपिड एक्शन फोर्स की बटालियन

वीके सिंह व निरीक्षक अभिमन्यु यादव के साथ जवानों ने कस्बा नगर, मदारपुर, पकड़ी मिश्राइन, और अन्य थाना क्षेत्र के मिश्रित आबादी व नगर पंचायत चुनाव के मद्देनजर संवेदनशील स्थानों पर फ्लैग मार्च किया।

उधर, दुबौलिया थाना क्षेत्र के चिलमा, दुबौलिया, रमवापुर राजा , विषेशरगंज कस्बा में रैपिड एक्शन फोर्स की बटालियन ने दुबौलिया पुलिस के साथ फ्लैग मार्च किया।

Awadh Nagari, Basti, (UP)

ग्रामीणों को बाढ़ से बचाव के लिए किया जागरूक

फाफामऊ। आरएएफ 101 बटालियन के अधिकारियों एवं जवानों ने ग्रामीणों को बाढ़ से बचाने के लिए जागरूकता अभियान चलाया। सोमवार को बाढ़ क्षेत्र मनसैता गांव पहुंचे आरएएफ कर्मियों ने बाढ़ का पानी आ जाने पर बचने का तरीका बताया। बाढ़ से बचने के लिए पानी में प्रदर्शन करके भी दिखाया। बाढ़ग्रस्त इलाके में बचाव दल के पहुंचने से पहले घर में मौजूद सामान को सुरक्षित स्थान पर कैसे पहुंचाया जाए, इसकी विस्तार से जानकारी दी। जागरूक करने वालों में द्वितीय कमान अधिकारी नरेंद्र कुमार, सहायक कमांडेंट महीप नारायण यादव आदि मौजूद थे। संवाद

Awadh Nagari, Basti, (UP)

रैपिड एक्शन फोर्स एवं दुबौलिया पुलिस ने किया फ्लैग मार्च

अवध नगरी संवाददाता दुबौलिया। रविवार को दुबौलिया थाना क्षेत्र के चिलमा, दुबौलिया , रमवापुर राजा ,विषेशरगंज कस्बों में रैपिड एक्शन फोर्स की ए 91 वी बटालियन एवं दुबौलिया पुलिस ने फ्लैग मार्च किया। आगामी विभिन्न नगर पंचायतो मे चुनाव को लेकर मिश्रित आबादी और संवेदनशील स्थलों पर फ्लैग मार्च कर लोगों में सुरक्षा का भरोसा दिला कर विषम परिस्थितियों में शीघ्र पहुंचकर आवश्यक कार्यवाही कर सकें।इस मौके पर कमान्डेंट अमिताभ कुमार, सहायक कमांडेंट गौतम चन्द्र राय, प्रभारी निरीक्षक दुबौलिया संजय कुमार, आर ए एफ निरिक्षक वीके सिंह, अभिमन्यु यादव सहित दो दर्जन से अधिक रैपिड एक्शन फोर्स एवं पुलिस के जवान मौजूद रहे।

सी0आर0पी0एफ0 सदा अजेय, भारत माता की जय।